दिनांक 21.04.2024 समय 18.30

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सभाओं का दौर जारी–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया जनसभाओं को सम्बोधित।

- मतदाता जागरूकता के लिए मनाये जा रहे सतरंगी सप्ताह के तहत आज प्रदेशभर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित।

- प्रदेशभर में महावीर जयंती के अवसर पर शोभा यात्राओं सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन।

- राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई स्थानों पर तापमान में गिरावट–जयपुर, भरतपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में कल कुछ स्थानों पर हल्की बारिश का पूर्वानुमान।

000

लोकसभा आम चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रदेश में विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों की जनसभाओं और रोड़ शो का सिलसिला लगातार जारी है। भाजपा, कांग्रेस सहित विभिन्न दलों के स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को सम्बोधित कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जालौर–सिरोही से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में भीनमाल में जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कांग्रेस पर अवसरवादी इंडी गठबंधन बनाने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने सरकार के कामकाज का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने महिलाओं को सुविधाएं प्रदान कर उनकी ज़िदगी आसान बनाने के लिए घर–घर गैस कनेक्शन और घरों में शौचालय बनाने सहित कई योजनाओं पर काम किया है।

...............................

श्री मोदी ने मतदान को गर्व का काम बताते हुए सभी मतदाताओं से जलपान से पहले मतदान की अपील भी की। जनसभा में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी मौजूद रहे।

इसके बाद प्रधानमंत्री ने बांसवाड़ा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रैली को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने गरीबों और आदिवासियों की चिंता की, उनकी सरकार गरीब कल्याण के लिए समर्पित है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज सांचौर जिले के चितलवाना और सरनाऊ में कांग्रेस के पक्ष मे जनसभाओं को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विकास के विजन को साथ लेकर आगे बढ़ी है। श्री गहलोत ने कहा कि देश बचाने के लिए हमें संविधान की रक्षा करते हुए आगे आने की जरूरत है।

वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने आज टोंक–सवाईमाधोपुर सीट पर पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में मालपुरा में जनसभा को सम्बोधित किया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा आम चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश की 13 संसदीय सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा।

000

मतदाता जागरुकता के लिए मनाये जा रहे सतरंगी सप्ताह के तहत आज पीले रंग की छटा बिखरी हुई है। रविवार को प्रदेश में कई स्थानों पर **''मताधिकार का प्रयोग करेंगे–वोट करेंगे वोट करेंगे''** नारे के साथ वोटर रैलियां और फ्लैश मॉब आयोजित किये गये। इसके तहत बाड़मेर में युवा और शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को विशेष रूप से प्रेरित किया गया। सवाईमाधोपुर में मतदाता रैली निकाली गयी और सभी प्रतिभागियों को मतदान की शपथ दिलवाई गयी। बूंदी में मतदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने को लेकर सतरंगी सप्ताह के पांचवें दिन मतदाता रैली निकाली गई। इस अवसर पर स्वीप टीम की ओर से तैयार की गई मतदाता जागरूकता सामग्री का वितरण किया गया और लोगों को 26 अप्रैल को शत–प्रतिशत मतदान के लिए व्यापक वातावरण निर्माण का संकल्प दिलाया गया। सांचौर जिले में भी मतदाता जागरूकता रैली

शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। इस दौरान रैली में शामिल लोगों ने होर्डिंग और बैनर के जरिये लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। वहीं आज मतदान केन्द्रों पर आओ बूथ चलें अभियान के तहत वोटर स्लिप और गाइड का वितरण किया गया।

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140—52368 पर भेज सकते हैं। आज का संदेश हमें बाड़मेर जिले के श्रोता ने भेजा है —

....................

महावीर जयंती के अवसर आज देशभर में विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भगवान महावीर के 2 हजार 550वें निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया। अपने संबोधन में श्री मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया वैश्विक शांति के लिए भारत की ओर देख रही है। ऐसे में हमारे तीर्थंकरों की शिक्षाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि भारत सत्य, अहिंसा और करूणा के मूल्यों का प्रसार कर रहा है। प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर शोभायात्राओं के साथ ही अहिंसा वाहन रैलियों के आयोजन किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज बालोतरा दौरे के दौरान जैन तीर्थ नाकोड़ा में भगवान पार्श्वनाथ और जसोल माता रानी भटियाणी मन्दिर में पूजा—अर्चना की। करौली जिला स्थित श्रीमहावीर जी में भी कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

सवाईमाधोपुर में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर जैन मन्दिरों में विशेष धार्मिक आयोजन किये गये। टोंक जिले में भी महावीर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी जा रही है। इस अवसर पर टोंक और बूंदी शहर में शोभायात्रा निकाली गई। अजमेर में दिगम्बर जैन मन्दिर कमेटी की ओर से रथ यात्रा का आयोजन किया गया। रथ यात्रा में करीब 40 झांकियां शामिल रही।

000

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की इस वर्ष 16 जून को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा—नेट के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी— एन.टी.ए. की वेबसाइट पर पंजीकरण शुरू हो गये हैं। आकशवाणी से विशेष बातचीत में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि पंजीकरण 10 मई तक किया जा सकेगा और शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख 12 मई है।

000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से स्वतंत्र और भयमुक्त चुनाव कराने के लिए विभिन्न सरकारी एजेन्सियों ने अब तक 790 करोड़ रूपये से अधिक की नकदी सहित अन्य संदिग्ध वस्तुओं की जब्ती की है। ये जब्ती वर्ष 2019 के मुकाबले में 1 हजार 540 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2019 में 75 दिनों के दौरान 51 करोड़ 42 लाख रूपये की सामग्री जब्त की गई थी। चुनाव आयोग के निर्देश पर चुनाव में धन—बल, नशे तथा मुफ्त वस्तुओं के प्रलोभन के जरिए प्रभावित होने से रोकने के उद्देश्य से अवैध वस्तुओं के परिवहन और भण्डारण पर धरपकड़ की जा रही है। इस अवधि में सर्वाधिक 37 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती चूरू जिले में हुई है।

000

दौसा जिले में आज एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मृत्यु हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। ये हादसा दौसा—मनोहरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हरिपुरा गांव के पास कार और बस की टक्कर होने से

हुआ। टक्कर से कार में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हें दौसा जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया वही एक गंभीर घायल को उपचार के लिए जयपुर रैफर किया गया है। जानकारी में सामने आया है कि बस में सवार लोग बारात लेकर करौली से झुंझुनू जा रहे थे। कार सवार लोग दौसा शहर के रहने वाले थे।

000

प्रदेश में आज नए पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव बना हुआ है। भीलवाड़ा और भरतपुर में सुबह से ही घने बादल छाए हुए हैं और ठंडी हवाओं का दौर जारी है। भरतपुर में दोपहर बाद आंधी चलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं तेज हवाएं चलने और हल्की बारिश के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ के असर से जयपुर, भरतपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में कल भी कुछ स्थानों पर हल्की बरसात हो सकती है। इस बीच, प्रदेश में कल अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सैल्सियस की गिरावट दर्ज की गयी। अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान 38 डिग्री सैल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। हालांकि कोटा में पारा 40 डिग्री सैल्सियस के पार रिकॉर्ड हुआ।

000